बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

कार्यालय आदेश

संचिका सं0–क0/योजना–01/2018– 267 /पटना, दिनांक– 13/06/24

उत्तर कोयल परियोजना के बिहार भाग के कमाण्ड क्षेत्र विकास कार्यो हेतु कृषि योग्य के अवशेष 1,01,343 हे0 क्षेत्र में कमाण्ड क्षेत्र विकास एवं जल प्रबंधन हेतु सर्वेक्षणोपरान्त विस्तृत योजना प्रतिवेदन ToR के अनुरूप तैयार करने के लिए वाप्कोस लिमिटेड भारत सरकार का उपक्रम, जल शक्ति मंत्रालय से दिनांक–29.11.2018 को एकरारनामा (एकरारित राशि रू0 1216.092 लाख) किया गया।

विभागीय पत्रांक–329 दिनांक–14.06.2018 द्वारा Notice to proceed निर्गत किया गया एवं विभागीय पत्रांक–602 दिनांक–01.11.2018 द्वारा स्वीकृत ToR संलग्न करते हुए उत्तर कोयल परियोजना (बिहार भाग) के कृषि योग्य भूमि के अवशेष 1,01,342 हे0 क्षेत्र में कमाण्ड क्षेत्र विकास एवं जल प्रबंधन कार्य हेतु सर्वेक्षणोपरान्त विस्तृत योजना प्रतिवेदन तैयार करने के लिए वाप्कोस लिमिटेड को कार्यादेश निर्गत करने एवं अनुमोदित ToR के आलोक में एकरारनामा/ MoU की कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निदेशक (मुख्य अभियंता), जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान, पटना को निदेशित किया गया। कार्य समाप्ति/ पूर्ण करने की अवधि Notice to proceed की तिथि से छः (06) माह निर्धारित है।

दिनांक–17.07.2023 को सम्पन्न अन्तिम समीक्षात्मक बैठक में Final DPR समर्पित करने में हुए विलम्ब के लिए खेद व्यक्त करते हुए दो सप्ताह के अन्दर Final DPR समर्पित करने हेतु वाप्कोस लिमिटेड को निदेशित किया गया, परन्तु परामर्शी वाप्कोस लिमिटेड द्वारा कार्य निष्पादन में कोई अभिरूची नहीं ली गयी। इसी क्रम में निदेशक (मुख्य अभियंता), जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान (वाल्मी), पटना द्वारा वाप्कोस लिमिटेड को डिबार करने की अनुशंसा के आलोक में **"परामर्शी वाप्कोस लिमिटेड को अगले आदेश तक किसी भी तरह के निविदा में भाग लेने से वंचित/ डिबार करने"** का दंड विभागीय पत्रांक–796 दिनांक–28.12.2023 द्वारा संसूचित किया गया।

वाप्कोस लिमिटेड के पत्रांक–WAP/ NKRP – CADWM WORK/ 2024/ 02 दिनांक–21.03.2024 द्वारा Final DPR समर्पित करने में हुए विलम्ब के निम्न कारणों का उल्लेख किया गया है। साथ ही डिबार से विमुक्त करने का अनुरोध किया गया है।

i. जून से अक्टूबर, 2018 की अवधि में क्षेत्र में Paddy Crop के कारण Survey कार्य बाधित होने के फलस्वरूप दिनांक–30.06.2019 तक Survey कार्य पूर्ण किया जाना।
ii. Cadastral Map (जमाबंदी नक्शा) की अनुपलब्धता।

iii. Covid – 19 के दौरान Village Map के क्रय में हुए विलम्ब।

iv. ToR के आलोक में Scheme of Incentivisation for Bridging Irrigation Gap (ISBIG) Guidelines के बदले प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (PMKSY) Guidelines के आधार पर DPR तैयार करना।

v. WAPCOS, a Govt. of India undertaking has always done the work in coordination with Government Department of Bihar and also completed large number of Consultancy Projects in the State of Bihar. We are always committed to execute the work with quality and on time deliverables.

vi. वाप्कोस लिमिटेड से प्राप्त आवेदन (अनुलग्नक सहित) मूल में आवश्यक कार्रवाई हेतु निदेशक (मुख्य अभियंता), जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान (वाल्मी), पटना को पत्रांक–165 दिनांक–01.04.2024 द्वारा उपलब्ध कराया गया है।

उपरोक्त के क्रम में निदेशक (मुख्य अभियंता), जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान (वाल्मी), पटना के पत्रांक–266 दिनांक–15.05.2024 द्वारा उत्तर कोयल परियोजना (बिहार भाग) के कमाण्ड क्षेत्र विकास कार्य हेतु विस्तृत योजना तैयार करने से संबंधित प्रतिवेदन संलग्न करते हुए वाप्कोस लिमिटेड को डिबार मुक्त करने की अनुशंसा की गयी है। प्रतिवेदन में उल्लेखित तथ्य का मुख्य अंश निम्नांकित है :–

i. वाप्कोस लिमिटेड द्वारा दिनांक–18.03.2024 को समर्पित विस्तृत योजना प्रतिवेदन का जॉचोपरान्त मंतव्य के साथ प्रतिवेदन उपलबध कराने हेतु कार्यपालक अभियंता, कमाण्ड क्षेत्र विकास प्रमण्डल, भभुआ को अधीक्षण अभियंता, कमाण्ड क्षेत्र विकास अंचल, पटना के पत्रांक–242 दिनांक–20.03.2024 से निदेशित किया गया।

ii. दिनांक–18.04.2024 से दिनांक–20.04.2024 तक वाप्कोस लिमिटेड प्रतिनिधि श्री शिवम शर्मा, सिनियर परियोजना प्रबंधक एवं कार्यपालक अभियंता, कमाण्ड क्षेत्र विकास प्रमण्डल, भभुआ द्वारा DPR को संयुक्त जॉच के क्रम में परिलक्षित 07 बिन्दुओं पर कमी/ त्रुटि के निराकरण कर पुनः DPR समर्पित करने हेतु पत्रांक–314 दिनांक–27.04.2024 एवं पत्रांक–302 दिनांक–24.04.2024 से वाप्कोस लिमिटेड को निदेशित किया गया।

iii. वाप्कोस लिमिटेड के पत्रांक– WAP/ PATNA/ WRD/ INFRA/ NK/ 2024/ 03 दिनांक–06.05.2024 द्वारा परिलक्षित बिन्दुओं के निराकरण कर संशोधित DPR के जॉचोपरान्त मन्तव्य के साथ प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु कार्यपालक अभियंता, कमाण्ड क्षेत्र विकास प्रमण्डल, भभुआ को हस्तगत कराया गया।

iv. कार्यपालक अभियंता, कमाण्ड क्षेत्र विकास प्रमण्डल, भभुआ के पत्रांक—151 दिनांक—10.05.2024 द्वारा प्रतिवेदित किया है कि क्र0 सं0— 01 से 07 में परिलक्षित कमी/ त्रुटि को वाप्कोस लिमिटेड द्वारा सुधार किया गया है। साथ ही यह भी उल्लेख किया गया है कि :—

(क) क्रमांक 03 पर अंकित **"WAPCOS LTD has been submitted the list of outlet – wise WUAs along with the name of village but the name of beneficiary along with detail of plots are still missing the same has to be incorporated in the report."**

(ख) क्रमांक 07 पर अंकित **"WAPCOS LTD has also been instructed to submit the copy of final hydraulic design report of all the distribution system of NKRMC (Bihar Portion) to CAD – Sone Bhawan Patna after getting the approval from the concering Chief Engineer Zone".**

v. इसी क्रम में Hydraulic design, L – Section of NKRMC distribution System (Bihar Portion) को वाप्कोस लिमिटेड द्वारा पत्रांक—WAP/ INFRA/ NK – BIH/ 2024/ 12 दिनांक—18.04.2024 से अधीक्षण अभियंता, उत्तर कोयल अंचल, औरंगाबाद को अनुमोदनार्थ समर्पित है।

vi. उपरोक्त दोनों बिन्दुओं के अनुपालन के संबंध में वाप्कोस लिमिटेड द्वारा आश्वासन दिया गया है कि अनुमोदनोपरान्त उक्त बिन्दुओं को DPR में सम्मिलित कर दिया जायेगा।

उपरोक्त वर्णित तथ्यों एवं निदेशक (मुख्य अभियंता), जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान (वाल्मी), पटना से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में वाप्कोस लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम, जल शक्ति मंत्रालय) को अगले आदेश तक किसी भी तरह के निविदा में भाग लेने से वंचित/ डिबार करने से संबंधित आदेश सं0—796 दिनांक—28.12.2023 को निरस्त करते हुए वाप्कोस लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम, जल शक्ति मंत्रालय) को अगले आदेश तक किसी भी तरह के निविदा में भाग लेने से वंचित/ डिबार से विमुक्त किया जाता है।

2. उक्त आदेश पर अपर मुख्य सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना का अनुमोदन प्राप्त है।

13.06.24

(मिथिलेश कुमार दिनकर)
अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)
जल संसाधन विभाग, पटना।

ज्ञाप सं0–क0/योजना-01/2018–267 / पटना, दिनांक–13/6/24

प्रतिलिपि–परामर्शी वाप्कोस लिमिटेड, पटना, 102, Enclave, East Boring Canal Road, Patna (Email ID - patna@wapcos.co.in) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13.06.24

(मिथिलेश कुमार दिनकर)
अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)

ज्ञाप सं0–क0/योजना-01/2018–267 / पटना, दिनांक–13/6/24

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव, जल संसाधन विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/पथ निर्माण विभाग/प्रधान सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/नगर विकास एवं आवास विभाग/सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग/भवन निर्माण विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13.06.24

(मिथिलेश कुमार दिनकर)
अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)

ज्ञाप सं0–क0/योजना-01/2018–267 / पटना, दिनांक–13/6/24

प्रतिलिपि–सभी अभियंता प्रमुख/सभी मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–1, 2, 3 एवं 4, पटना/बाढ़ नियंत्रण योजना एवं मोनिटरिंग अंचल, पटना/सिंचाई योजना एवं मोनिटरिंग अंचल, पटना/अधीक्षण अभियंता, उड़नदस्ता अंचल–1 एवं 2/निदेशक, क्रय, भण्डार एवं सामग्री प्रबंधन निदेशालय, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13.06.24

(मिथिलेश कुमार दिनकर)
अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)

ज्ञाप सं0–क0/योजना-01/2018–267 / पटना, दिनांक–13/6/24

प्रतिलिपि–निदेशक (मुख्य अभियंता), जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान (वाल्मी), फुलवारीशरीफ, पटना/अधीक्षण अभियंता, कमाण्ड क्षेत्र विकास अंचल, सोन भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13.06.24

(मिथिलेश कुमार दिनकर)
अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)

ज्ञाप सं0–क0/योजना-01/2018–267 / पटना, दिनांक–13/6/24

प्रतिलिपि–कार्यपालक अभियंता, आई0टी0 केन्द्र, जल संसाधन विभाग को ई–मेल एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13.06.24

(मिथिलेश कुमार दिनकर)
अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)